सरकारी विभाग भी खरीदेंगे पारंपरिक उद्यमियों के उत्पाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊः किसी न किसी क्षेत्र को अपनी खासियत से पहचान दिलाने वाले उत्पादों के लिए बड़ा बाजार तैयार करने में सरकार जुटी है। तेजी से निर्यात भी बढ़ रहा है। इसी बीच तय किया गया है कि अब सरकारी विभाग भी पारंपरिक उद्यमियों के उत्पाद खरीदेंगे। इसके लिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को गवर्नमेंट ई-मार्केटिंग (जेम) पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद योजना को जेम पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

Dainik Jagran | Page-2 | Dated: 02.03.2020